आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 17.04.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने से जुड़े तीन महत्वपूर्ण विधेयक पेश किए गए।
- सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने चमोली जिले के बदरीनाथ में सूर्य देवभूमि चैलेंज का शुभारंभ किया।
- चारधाम यात्रा के लिए आफ लाइन पंजीकरण आज से शुरू होंगे।
- और... केंद्र सरकार ने प्रदेश के लिए गेहूं खरीद के लक्ष्य को बढ़ाकर 5 लाख कुंतल किया।

नारी शक्ति

लोकसभा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने से जुड़े तीन महत्वपूर्ण विधेयक पेश किए। इनमें संविधान एक सौ इकतीसवां संशोधन विधेयक 2026, परिसीमन विधेयक 2026 और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक 2026 शामिल हैं। इन विधेयकों का उद्देश्य लोकसभा तथा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक–तिहाई आरक्षण को लागू करना है।

विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संविधान संशोधन और परिसीमन विधेयक पेश करते हुए लोकसभा की सीटों की संख्या 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव रखा है। इनमें 815 सीटें राज्यों और 35 सीटें केंद्र शासित प्रदेशों के लिए होंगी। चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि किसी को भी अहंकारपूर्ण भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि वे भारत की महिलाओं को कुछ दे रहे हैं, बल्कि यह उनका अधिकार है। प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों से इस ऐतिहासिक विधेयक को राजनीतिक रंग न देने की अपील की।

श्री मोदी ने कहा कि एक विकसित भारत केवल बुनियादी ढांचे, रेलवे या आर्थिक संकेतकों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें महिलाओं की समान भागीदारी भी आवश्यक है।

सूर्य देवभूमि चैलेंज का शुभारंभ

सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने चमोली जिले के बदरीनाथ से सूर्य देवभूमि चैलेंज का शुभारंभ किया। वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत यह आयोजन सीमावर्ती गांवों में रोजगार और पर्यटन को प्रोत्साहित करेगा। इसमें कुल 300 प्रतिभागी भाग लेंगे।

वहीं उत्तरकाशी के हर्षिल में सीडीएस चौहान ने सांस्कृतिक विरासत केंद्र की आधारशिला भी रखी। श्री चौहान ने वाइब्रेंट विलेजेज योजना के अंतर्गत स्थानीय ग्रामीणों से संवाद कर सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास में उनकी भूमिका की सराहना की। जनरल चौहान ने बगोरी और मुखवा गांव का भी भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से संवाद कर उनकी जीवनशैली एवं सांस्कृतिक विरासत की सराहना की।

चारधाम यात्रा

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। राज्य सरकार यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुविधाजनक बनाने के लिए लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। इसी के तहत हरिद्वार के ऋषिकुल मैदान में आज से चारधाम यात्रा के ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू होंगे। यहां श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 20 रजिस्ट्रेशन काउंटर बनाए गए हैं। हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कर्मचारियों की तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि आज से ऋषिकुल मैदान में पंजीकरण की शुरूआत की जाएगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की।

वहीं ऋषिकेश के ट्रांजिट कैंप में 30 काउंटरों पर श्रद्धालुओं का ऑफलाइन पंजीकरण किया जाएगा। इसके लिए कैंप क्षेत्र में 24 पंजीकरण काउंटर बनाए गए हैं, जबकि छह अतिरिक्त काउंटर आईएसबीटी के समीप स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा गुरुद्वारा सिंह साहिब के कपाट खुलने के बाद वहां भी चार काउंटर संचालित किए जाएंगे।

गेहूं खरीद के लक्ष्य

आयुक्त–सचिव, खाद्य नागरिक आपूर्ति आनन्द स्वरूप ने कहा कि केंद्र सरकार ने गेहूं खरीद के लक्ष्य में वृद्धि करते हुए राज्य के लिए 5 लाख कुंतल कर दिया है। श्री स्वरूप ने कहा कि पूर्व में केंद्र सरकार ने राज्य के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य 10 हजार कुंतल निर्धारित किया था, जिससे किसानों में असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। उन्होंने कहा कि केंद्र के फैसले से किसानों की आय में वृद्धि के साथ ही कृ षि क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष गेहूं खरीद व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी बनाने के के लिए गढ़वाल सम्भाग में 45 एवं कुमाऊं सम्भाग में 123 सहित कुल 168 राजकीय क्रय केन्द्र संचालित किए जा रहे हैं। श्री आनन्द स्वरूप ने बताया कि वर्तमान तक स्मार्ट पीडीएस पोर्टल पर 1597 कृषकों द्वारा पंजीकरण कराया जा चुका है और 5852 कुन्टल गेहूं की खरीद की जा चुकी है।

विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती

प्रदेश सरकार ने 19 अप्रैल से शुरू हो रहे चारधामों के दर्शन के लिए आने वाले तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए यात्रा मार्गों पर 25 विशेषज्ञ डॉक्टर, 178 मेडिकल अधिकारी और 414 पैरामेडिकल स्टाफ की तैनात की है।

शासन ने रुद्रप्रयाग, चमोली व उत्तरकाशी जिले में 47 स्थायी स्वास्थ्य केंद्रों के साथ 25 मेडिकल रिलीफ पोस्ट बनाये गये हैं। इसके अलावा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 112, 108 और 104 हेल्पलाइन नंबर चौबीस घंटे सक्रिय रहेंगे। साथ ही यात्रियों को कोई असुविधा न हो इसके लिए 13 भाषाओं में गाइडलाइन भी जारी की गई है।

राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने चारधाम यात्रा तैयारियों की समीक्षा बैठक में साइबर अपराध, फर्जी हेली टिकट बुकिंग, ओवर रेटिंग, होटल बुकिंग की धोखाधड़ी रोकने के सख्त निर्देश दिए। लोक भवन में चारधाम यात्रा की तैयारियों की बैठक लेते हुए उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं बल्कि एक आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक उत्तरदायित्व है। इसे पूर्ण समर्पण और संवेदनशीलता के साथ संपादित किया जाना चाहिए। राज्यपाल ने आवश्यक सेवाओं की कीमतों में अनुचित वृद्धि करने वालों के विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दियें

दिल्ली–देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेसवे के शुरू होने से उत्तराखंड व चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों की राह सुगम होगी। साथ ही विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से वर्तमान में राज्य में करीब एक लाख 30 हजार करोड़ से अधिक की लागत से बन रहे कई विकास योजनाओं का कार्य गतिमान है। उन्होंने कहा कि देहरादून को अगले महीने तक, पौंटा साहिब – देहरादून फोर लेन मार्ग की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसके बाद जून में सहारनपुर बाईपास से हरिद्वार तक छह लेन वाला 51 किमी हाईवे भी यातायात के लिए उपलब्ध हो जाएगा। जबकि इसी वर्ष अक्तूबर तक, हरिद्वार बाईपास के प्रथम चरण का कार्य भी पूरा कर लिया जाएगा।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर.....

महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयक को सदन में पेश होने की खबर को आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इस खबर पर प्रधानमंत्री के हवाले से अमर उजाला लिखता है– परिसीमन में किसी के भी साथ भेदभाव नहीं होगा.... महिला आरक्षण को राजनीति के तराजू में मत तौलिए, यह राष्ट्रहित का निर्णय।

हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– लोकसभा में प्रधानमंत्री ने सर्वसम्मति से विधेयक पारित कराने की अपील की, कहा विरोध करने वाले किमत चुकाएंगे।